दिनांक : 25 .04.2045 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- पहलगाम आतंकी हमले पर सर्वदलीय बैठक में सभी दलों ने सरकार की कार्रवाई का किया समर्थन।
- प्रदेश में नरवई जलाने वाले किसानों से अगले साल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर नहीं होगी फसल की खरीदी।
- बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत प्रदेश में जिला कलेक्टरों को निर्देश जारी।
- आईपीएल क्रिकेट में रॉयल चैलेंजर्स बैगलुरू ने राजस्थान रॉयल्स को 11 रनों से हराया।

पहलगाम- सर्वदलीय बैठक

पहलगाम आतंकी हमले के बाद सभी दलों के नेताओं ने पाकिस्तान के विरुद्ध सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति द्वारा की गई कार्रवाई का समर्थन किया है। नई दिल्ली के संसद भवन परिसर में कल शाम सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक के दौरान इन नेताओं ने आतंकवाद से लडाई और सरकार की कार्रवाई में पूरा सहयोग देने का भी आश्वासन दिया है।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि सभी दलों ने आतंकी हमले पर चिंता व्यक्त की है। श्री रिजिजू ने कहा कि सदस्यों को खुफिया ब्यूरो और गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने इस घटना और चूक की जानकारी दी।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले की सभी ने निंदा की है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने सरकार को किसी तरह की कार्रवाई करने का पूरा समर्थन दिया है। बैठक में 15 विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता शामिल हुए।

नरवाई- मुख्यमंत्री

प्रदेश में खेतों में नरवाई जलाने को लेकर सरकार ने सख्त कदम उठाया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि ऐसे किसानों से अगले साल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल उपार्जन नहीं किया जाएगा। साथ ही मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा। मुख्यमंत्री कल मुख्यमंत्री निवास में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का यह निर्णय एक मई से लागू होगा। बैठक में बताया गया कि सरकार ने फरवरी 2019 के बाद नए भू-धारकों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से जोड़ने के लिए केंद्र सरकार से आग्रह किया है। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने बताया कि जिन जिलों में नए कलेक्ट्रेट भवन प्रस्तावित हैं वहां नई कम्पोजिट बिल्डिंग बनाने का प्रस्ताव विभाग ने तैयार किया है। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शासकीय भूमि, कुएं, बावड़ियों, तालाबों एवं गांवों में सार्वजनिक रास्तों पर अतिक्रमण हटाने के लिए सख्ती से विशेष अभियान चलाएं जाने के निर्देश दिए।

राष्ट्रपति वेटिकन यात्रा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पोप फ्रांसिस के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए आज वेटिकन सिटी की दो दिन की यात्रा पर रवाना हो गई हैं राष्ट्रपति मुर्मु वहां भारत सरकार और नागरिकों की ओर से संवेदना व्यक्त करेंगी। विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि राष्ट्रपति आज सेंट पीटर बेसिलिका में पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगी। पोप फ्रांसिस का 21 अप्रैल को निधन हो गया था।

युवा कुंभ- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि युवा शक्ति को मार्गदर्शन देने के लिए प्रदेश के युवाओं का कुंभ कराया जाए। इसे ज्ञान महाकुंभ नाम दिया जाए। मुख्यमंत्री कल भोपाल के समत्व भवन में उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष में कम से कम एक बार महाविद्यालयों में बड़े वैज्ञानिकों को आमंत्रित किया जाए और विद्यार्थियों के साथ उनका जीवंत संवाद एवं समूह चर्चा आयोजित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी महाविद्यालयों की स्टेट लेवल पर ग्रेडिंग कराई जाए और तीन श्रेणियों में क्रमशः सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालय, सर्वश्रेष्ठ प्राचार्य एवं सर्वश्रेष्ठ शिक्षक के रूप में पुरस्कृत करने की परम्परा भी प्रारंभ करें।

प्रधानमंत्री - इस्पात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत का इस्पात उद्योग अपने भविष्य को लेकर नये आत्मविश्वास से भरा हुआ है। मुंबई में इंडिया स्टील छठी अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी और सम्मेलन को कल वर्चुअली संबोधित करते हुए उन्होंने राष्ट्रीय इस्पात नीति के अंतर्गत निर्धारित महत्वाकांक्षी लक्ष्यों का उल्लेख किया। इसका उद्देश्य वर्ष 2030 तक देश का इस्पात उत्पादन बढाकर तीन सौ मिलियन टन तक करना है।

योगासन चैंपियनशिप

दूसरी एशियाई योगासन प्रतियोगिता आज से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में शुरू हो रही है। योगासन भारत द्वारा आयोजित यह तीन दिवसीय प्रतियोगिता 27 तारीख तक चलेगी। इसमें 21 एशियाई देशों के 170 से अधिक एथलीट भाग लेंगे। यह आयोजन योगासन को वैश्विक खेल के रूप में बढ़ावा देने के सरकार के प्रयासों का हिस्सा है। विश्व योगासन महासचिव डॉ. जयदीप आर्य ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्थापित किया है और अब इसे खेल का दर्जा मिल गया है।

बाल विवाह मुक्त-राज्य

महिला बाल विकास मंत्रालय द्वारा ‘‘बाल विवाह मुक्त भारत अभियान‘‘ की शुरूआत की गई है। यह पहल देश में बाल विवाह की सामाजिक कुरीति को समाप्त करने तथा किशोरियों के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिये की गई है। राज्य की महिला बाल विकास अपर मुख्य सचिव श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने सभी जिला कलेक्टर को पत्र लिख कर 30 अप्रैल अक्षय तृतीया पर होने वाले सामूहिक विवाहों में बाल विवाह रोकथाम के लिये निर्देश दिए है। उन्होंने बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल की जानकारी देते हुए कहा कि यह पोर्टल एक ऐसा अभिनव ऑनलाइन प्लेटफार्म है जो नागरिकों को बाल विवाह की घटनाओं की शिकायत दर्ज करने और देश भर में बाल विवाह निषेध अधिकारियों (सीएमपीओ) के बारे में जानकारी प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर 181, 1098, 100 और बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल https://stopchildmarriage.wcd.gov.in का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

पंचायती राज दिवस

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर कल आगरमालवा जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया, जहां ग्राम विकास की रूपरेखा तैयार करते हुए स्वच्छता, ओडीएफ प्लस स्थायित्व, स्वास्थ्य और पोषण आदि विषयों पर चर्चा की गई। मधुबनी बिहार से आयोजित कार्यक्रम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण देखा गया।

जिला पंचायत गुना में ‘राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस’ का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष अरविन्द धाकड़ ने संबोधित किया।

विश्व मलेरिया दिवस

विश्व मलेरिया दिवस के आज प्रदेश में जनजागरुकता और स्वास्थ्य जांच के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस की थीम नई सोच और नई खोज से हटायेंगे मलेरिया का बोझ है। उमरिया जिले में जनसमुदाय को मलेरिया रोग की रोकथाम के प्रति जागरूक करने हेतु जिला, विकासखण्ड, ग्राम स्तरीय बैठक, प्रशिक्षण, रैली, नारे लेखन, इत्यादि के माध्यम से प्रचार-प्रसार की व्यापक गतिविधियां की जा रही हैं।

आईपीएल

आईपीएल टी20 क्रिकेट में कल रात बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने राजस्थान रॉयल्स को 11 रन से हरा दिया। बेंगलुरु द्वारा दिए गए 206 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान की टीम 194 रनों पर सिमट गई।

आज चेन्नई सुपर किंग्स का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। ये मैच चेन्नई में शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।

प्रधानमंत्री रोजगार मेला-भोपाल

प्रधानमंत्री रोजगार मेला 2025 का कल देश के 47 स्थानों पर आयोजन किया जाएगा। भोपाल में केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर और केंद्रीय उत्पाद शुल्क विभाग इसका आयोजन करने जा रहा हैं। इसमें करीब 300 नियुक्ती प्रमाण पत्रों का वितरण किया जाएगा। समन्वय भवन, न्यू मार्केट में होने वाले इस कार्यक्रम में गणमान्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी गण हिस्सा लेंगे।

समाचार संक्षेप में .....

गुना कलेक्ट्रेट सभागार में कल उद्यानिकी विभाग द्वारा आयोजित पॉलीहाउस आधारित गुलाब खेती को बढ़ावा देने बैठक में कलेक्टर व सीईओ समेत किसान उपस्थित रहे।

छतरपुर के जनपद पंचायत कार्यालय राजनगर में कल जल गंगा संवर्धन अभियान एवं प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई।

खंडवा जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र और लघु उद्योग निगम के तत्वावधान में कल उद्योगों की कार्य पद्धति में सुधार के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

बैतूल जिले में नरवाई जलाने पर 35 लोगों पर कार्रवाई करते हुए अंतर्गत कुल 2लाख 57 हजार 500 रूपए का जुर्माना लगाया गया है।

मंदसौर के पीजी कॉलेज ग्राउंड में 3 मई को कृषक सम्मलेन एवं एग्री-हॉर्टी एक्सपो का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर अदिति गर्ग ने इस संबंध में समीक्षा बैठक की।

प्रदेश में तेज गर्मी का दौर जारी। मौसम विभाग ने बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन सहित 18 जिलों के लिए लू का यलो अलर्ट जारी किया है।

-------